सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 95 | इंदौर, शनिवार 18 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं... पीएम मोदी बोले मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने शनिवार को धनतेरस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



जगमगाया समाज कल्याण परिसर

# बुजुर्गों-दिव्यांगों के साथ इंदौर कलेक्टर ने मनाई दीवाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने दीवाली के तीन दिन पहले बुजुर्गों और दिव्यांगों के बीच पहुंचे। उन्होंने सभी के साथ फुलझड़ियां जलाकर दीपावली का पर्व मनाया और सभी को शुभकामनाएं दी। इंदौर के परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर में जब वे बुजुर्गों, दिव्यांगों और भिक्षुकों के बीच पहुंचे, तो वहां का हर कोना भावनाओं और अपनेपन की रोशनी से जगमगा उठा।**



कलेक्टर ने बुजुर्गों और दिव्यांगजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर बातचीत की और उनकी समस्याएं व जीवन के अनुभव सुने। उन्होंने सभी को मिठाइयां बांटीं और नए वस्त्र उपहार में दिए। बुजुर्गों के चेहरे पर चमक और दिव्यांगजनों की आंखों में गहरी खुशी झलकने लगी। कलेक्टर शिवम वर्मा भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा कि आज मैं जब इनके बीच आया हूं तो मन को प्रसन्नता मिल रही है। हमें सदैव बुजुर्गों का आदर करना चाहिए। बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति है।

## भिक्षुक प्रवेश केंद्र का अवलोकन



कलेक्टर ने इसी परिसर में स्थित भिक्षुक प्रवेश केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने भिक्षुकों को मिठाई वितरित की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने केंद्र में संचालित रोजगारमूलक प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी ली, जहां भिक्षुकों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप सोनी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय पवन सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्तक्षेप के बाद हाथी मोती की शिफ्टिंग रुकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चिड़ियाघर का 65 साल का हाथी मोती अब चिड़ियाघर में ही रहेगा। पिछले दिनों मोती को वन तारा सेंटर (जामनगर, गुजरात) भेजने के लिए हाई पावर कमेटी से एक पत्र आया है, लेकिन जू प्रबंधन और वन विभाग इसके पक्ष में नहीं था।**



मोती को इंदौर के चिड़ियाघर में ही रखने के लिए प्रबंधन ने हर संभव प्रयास किए, जिसके फलस्वरूप ये हुआ कि अब मोती इंदौर के ही चिड़ियाघर में रहेगा। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ.उत्तम यादव ने बताया कि हाथी मोती चिड़ियाघर का सबसे पुराना प्राणी है। इस संबंध में चीफ वाइड लाइफ वार्डन, मध्यप्रदेश शासन भोपाल से ईमेल के जरिए एक लेटर मिला है। जिसके चलते हाथी मोती अब इंदौर के ही चिड़ियाघर में रहेगा। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्तक्षेप के बाद हाथी मोती की शिफ्टिंग रुकी है। मोती को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही उठापटक में नया मोड़ आ गया है। मोती को इंदौर के ही चिड़ियाघर में रखने के लिए आवाज उठाई जा रही थी। आखिरकार सभी का ये प्रयास रंग लाया, जिसके चलते यह तय हुआ कि अब मोती यहीं रहेगा। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश शासन के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की ओर से आधिकारिक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें साफ लिखा गया है कि मोती का फिलहाल कहीं और ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। वहीं, मोती के अकेलेपन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने उसके साथ एक फीमेल हाथी की व्यवस्था करने की पहल शुरू कर दी है। इधर, डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि हमने भी मोती की वस्तु स्थिति से हायर ऑथोरिटी को अवगत कराया था। मोती की उम्र 65 साल हो चुकी है, जबकि एवरेज लाइफ 70 साल होती है। ऐसे में उसका विशेष ध्यान भी यहां रखा जा रहा है।

## बीजेपी कार्यकर्ता को हॉकी-डंडों से पीटकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेंद्र नगर के भीमनगर में रहने वाले एक बीजेपी कार्यकर्ता की मौत हो गई। वह पिछले 13 दिनों से एमवाय अस्पताल में भर्ती थे। परिवार ने बताया कि 4 अक्टूबर को उनके साथ मारपीट हुई थी। मारपीट पड़ोसी रोशन खराटे ने की थी। इसके बाद वह मौके से भाग गया था।**



मृतक का नाम दिलीप तायडे (उम्र 52 साल) है। वह समाज सेवा से जुड़े हुए थे। गुरुवार रात एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दिलीप के भांजे प्रकाश ने बताया कि घटना वाले दिन उनका बेटा पतंग उड़ा रहा था। दिलीप ने बच्चे को समझाया कि पतंग की डोर से किसी को चोट लग सकती है। यह बात पास में बैठे रोशन को बुरी लगी। उसने कहा– तुम्हें इससे क्या लेना? इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद रोशन घर से हॉकी और डंडा लेकर आया। उसने दिलीप पर अचानक हमला कर दिया। सिर और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। घटना के बाद दिलीप को अस्पताल ले जाया गया। इलाज चलता रहा, लेकिन हालत नहीं सुधरी। गुरुवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने अब तक आरोपी को नहीं पकड़ा। वे कई बार थाने गए लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया है। अब आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित एवं प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। संभागायुक्त सह प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित एवं प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्राधिकरण के पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) पर आधारित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. खाड़े के समक्ष आर्किटेक एवं कंसल्टेंट द्वारा स्टार्टअप और कन्वेंशन सेंटर का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को गुणवत्ता तरीके से संपादित किये जाये। इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी एवं परियोजना से संबंधित एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरीय क्षेत्र की सड़कों के सुधार पर विशेष ध्यान दें

### नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को ओंकारेश्वर में एनएचडीसी प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर एवं बड़वानी जिलों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और नगर निगम आयुक्त की बैठक लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।**



उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन सुबह 6-7 बजे से अपने शहरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी और स्वच्छता कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस एप के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ओंकारेश्वर नगर परिषद सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर एवं अन्य करों की नियमित रूप से वसूली कर नगरी निकाय की आय बढ़ाएं और विकास कार्य कराएं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने बैठक में कहा कि नगरीय क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, तथा निर्माण कार्य संबंधी जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करते रहें। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करें कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन सभी वार्डों में जाए और कचरा कलेक्शन नियमित रूप से होता रहे।

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 95 | इंदौर, शनिवार 18 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पाकिस्तानी हमले में 3 अफगानी क्रिकेटरों की मौत

● PAK सेना ने पक्तिका में आसमान से बरसाए बम



**काबुल, (एजेंसी) पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव दिख रहा है. दोनों देशों के बीच शुक्रवार को 48 घंटे के युद्धविराम (Ceasefire) को आपसी सहमति से आगे बढ़ाने पर सहमति बनी.**

पर इसके चंद घंटों बाद ही तालिबान ने पाकिस्तान पर अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक करने का आरोप लगाया. पाकिस्तान ने डूरंड लाइन से सटे पक्तिका प्रांत के कई जिलों में हवाई हमले किए. वहीं इन हमलों में 3 अफगानी क्रिकेटर्स की भी मौत हो गई है.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने पाकिस्तान के हमले में अपने तीन क्रिकेटरों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है.

यह दुखद घटना पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले में हुई, जहां पाकिस्तानी बलों के हमले में अफगान क्रिकेटर कबीर, सिबगातुल्ला और हारून सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हुए हैं.

जानकारी के मुताबिक ये खिलाड़ी पक्तिका की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली मैच खेलने गए थे. घर लौटने के बाद उरगुन जिले में एक सभा के दौरान उन पर हमला हुआ.

ACB ने इसे अफगानिस्तान के खेल जगत और क्रिकेट परिवार के लिए एक बड़ी क्षति बताया है. बोर्ड ने शहीदों के परिवारों और पक्तिका के लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई है.

इस दर्दनाक घटना के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आगामी त्रिकोणीय टी20 सीरीज, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था, उस सीरीज से हटने का फैसला किया है. यह सीरीज नवंबर के आखिर में खेली जानी थी.

बोर्ड ने बयान में कहा, "अल्लाह (SWT) शहीदों को जन्नत में ऊंचा दर्जा दे, घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे और परिवारों को इस कठिन समय में सब्र और ताकत दे."

### किसानों के साथ सीएम हाउस में संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

# भावांतर योजना की जानकारी देंगे 2500 किसान पहुंचेंगे सीएम निवास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। किसानों को सोयाबीन की फसल का भावांतर देने के लिए भावांतर योजना की पंजीयन प्रक्रिया शुक्रवार को खत्म हो गई है और 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक यह योजना चलेगी।**

इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास में किसान सम्मेलन में किसानों के साथ संवाद करेंगे। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के कल्याणकारी कदमों और नवाचारों की जानकारी देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के साथ धनतेरस और दीपावली पर्व की शुरुआत करेंगे। किसान भाई सोयाबीन की फसल को भावांतर योजना के दायरे में लाने की युगांतकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार भी व्यक्त करेंगे।

इस किसान सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन और विदिशा जिलों के करीब 2500 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।

किसान सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के किसानों को भावांतर भुगतान योजना की जानकारी देना और उन्हें योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किसानों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता तथा लाभ वितरण से संबंधित जानकारी देंगे।



भावांतर योजना में प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक अपनी फसल कृषि उपज मंडियों में विक्रय कर सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा योजना में पात्र किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में भावांतर की राशि फसल विक्रय के 15 दिन के भीतर सीधे जमा कर दी जाएगी।

ई-उपार्जन पोर्टल पर भावांतर योजना के लिए किसानों का पंजीयन कार्य 17 अक्टूबर तक पूरा किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे।

### किसान सम्मेलन की खास बातें...

1. भावांतर योजना की जानकारी और प्रशिक्षण।
2. मुख्यमंत्री द्वारा किसानों से सीधा संवाद।
3. कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन।
4. किसान सम्मेलन में सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की जानकारी भी दी जाएगी।

# यात्रियों से वसूले 4 गुना ज्यादा रुपए

## आरटीओ का एक्शन, ऑन द स्पॉट रिफंड कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (मप्र)

**इंदौर। त्योहारों के समय बाहर से आने वाली बसों में किराया बढ़ने की शिकायतें हर साल आती है। इस बार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) की टीम ने ऐसी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया और पहली बार यात्रियों से वसूला गया अतिरिक्त किराया मौके पर ही वापस करवाया।**

आरटीओ की इस कार्रवाई से यात्री भी खुश नजर आए। वहीं, ट्रैवल्स संचालकों से कहा है कि वे नियम अनुसार ही किराया ले। फायर सेफ्टी के नार्म्स के बारे भी सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एआरटीओ अर्चना मिश्रा




और राजेश गुप्ता के नेतृत्व में यह करवाई की गई। मुंबई से इंदौर आई दो बसों हंस ट्रेवल्स और राजरतन ट्रेवल्स की जांच की गई। टीम ने जब यात्रियों से टिकट दरों के बारे में पूछा तो कई यात्रियों ने बताया कि उनसे सामान्य किराए से 1500 तक ज्यादा वसूला गया था। जो सामान्य किराए के चार गुना तक अधिक है। जांच के बाद आरटीओ टीम ने बस संचालकों को यात्रियों को अतिरिक्त पैसा लौटाने के निर्देश दिए। आरटीओ शर्मा के अनुसार, हर साल दीपावली और रक्षाबंधन जैसे पर्वों के दौरान अन्य राज्यों से आने वाली बसें किराया बढ़ाकर यात्रियों से मनमानी वसूली करती हैं। इन शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने पहली बार ऑन-द-स्पॉट रिफंड जैसी कार्रवाई की, ताकि यात्रियों को तुरंत राहत मिल सके। बसों से आए यात्रियों ने आरटीओ टीम का धन्यवाद किया और कहा कि यह पहली बार हुआ जब किसी ने उनकी बात सुनी और उनका पैसा वापस दिलवाया। एक यात्री ने कहा, "हर बार त्योहार के समय बसों का किराया बढ़ा दिया जाता है, लेकिन इस बार हमें राहत मिली। एआरटीओ राजेश गुप्ता ने बताया की हमने बस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे से तय किराए से अधिक राशि वसूलने पर परिवहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बसों के सुरक्षा मानकों की जांच की गई। उनसे सभी नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। वही यात्रियों के लगेज को लेकर भी सतर्कता बरतने को कहा गया है।

# मुख्यमंत्री आज पूरा दिन किसानों के बीच रहेंगे, मनाएंगे धनतेरस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 18 अक्टूबर को सुबह से देर शाम तक किसान भाइयों के बीच रहेंगे और उनके साथ धनतेरस मनायेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किसान सम्मेलन में किसान भाइयों से सीधा संवाद भी करेंगे। इसके बाद राजगढ़ जिले के ब्यावरा और सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया में आयोजित किसान सम्मेलनों में शामिल होकर किसानों को राहत राशि का वितरण करेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्यावरा में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 277 करोड़ रूपये की राहत राशि का अंतरण करेंगे एवं 33 करोड़ रूपये की लागत की ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां 193 करोड़ रूपये की लागत के



41 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होंगे और यहां जिले के 2 लाख से अधिक किसानों को फसल क्षति की 118 करोड़ रूपये से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक के जरिए किसानों के खाते में अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों के बीच उनसे उनके हित की बात करेंगे। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास की दिशा में उठाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कदमों और नवाचारों पर भी प्रकाश डालेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के साथ धनतेरस और दीपावली पर्व की शुरुआत करेंगे। किसान भाई सोयाबीन की फसल को भावांतर योजना के दायरे में लाने की युगांतकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार भी व्यक्त करेंगे।

इस किसान सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन और विदिशा जिलों के करीब 2500 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल होंगे। किसान सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के किसानों को भावांतर भुगतान योजना की जानकारी देना और उन्हें योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किसानों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता तथा लाभ वितरण से संबंधित विस्तृत जानकारी देंगे। भावांतर योजना के तहत प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक अपनी फसल कृषि उपज मंडियों में विक्रय कर सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा योजना में पात्र किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में भावांतर की राशि फसल विक्रय के 15 दिन के भीतर सीधे जमा कर दी जाएगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर भावांतर योजना के लिए किसानों का पंजीयन कार्य 17 अक्टूबर तक पूरा किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे।

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 5वीं मंजिल पर लगाई फांसी

**ग्वालियर, एजेंसी।** एक महिला ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 5वीं मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने सीढ़ी की रेलिंग से दुपट्टे को बांधकर फंदा बनाया और फिर उस पर झूल गई। ये घटना शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित माधव प्लाजा की है। यहां सफाई करने आई महिलाओं ने सबसे पहले महिला के शव को लटका देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्लाजा के गार्ड को दी। गार्ड ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस जांच में महिला की पहचान गिरवाई थाना क्षेत्र निवासी रीता तोमर (34) के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर रीता के परिजन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि रीता का तीन साल पहले अपने पति से तलाक हो गया था और वह मायके में रह रही थी। परिजन के अनुसार, तलाक के बाद से रीता डिप्रेशन में थी और उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की राहुल गांधी लेंगे क्लास

**भोपाल, एजेंसी।** मप्र के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अगले महीने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्लास लेंगे। पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में 2 नंबवर से 11 नवंबर तक ट्रेनिंग कैंप चलेगा। सभी 71 जिला अध्यक्ष 10 दिन यहां ही रहेंगे। पार्टी ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, शशिकांत सेंथिल, सहित तमाम दिग्गज नेता और एक्सपर्ट शामिल होंगे। बिहार चुनाव के चलते राहुल गांधी के आने की तारीख तय नहीं हुई है। एमपी कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को दो दिन शामिल रहने का प्रस्ताव भेजा गया है।

## हड्डी दर्द के स्प्रे से युवक को एलर्जी

**बड़वानी, एजेंसी।** जिला मुख्यालय पर एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के दिए दर्द निवारक स्प्रे के इस्तेमाल से एक युवक को गंभीर एलर्जी हो गई। लखनगांव के रहने वाले पीड़ित युवक ने इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना शुक्रवार शाम को सामने आई। पीड़ित युवक वीरेंद्र यादव ने बताया कि मुझे 30 सितंबर को कोहनी और हड्डी में दर्द की शिकायत थी। इसके लिए मैं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन पटेल से मिला था। डॉक्टर ने मुझे 'विलक्सिया मास्टर पैन रिलीवर' नाम का एक स्प्रे इस्तेमाल करने की सलाह दी। वीरेंद्र के छोटे भाई हेमंत यादव ने बताया कि स्प्रे लगाते ही वीरेंद्र के पूरे शरीर में तेज जलन शुरू हो गई, और फिर पूरे शरीर पर बड़े-बड़े लाल दाने और खुजली हो गई।

## सिंहस्थ से जुड़े कार्यों की हुई समीक्षा

**भोपाल, एजेंसी।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिंहस्थ से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ टाइम फ्रेम में पूरे किये जायें। आयुक्त ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुँचेंगे। श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ मिलें, इस बात को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य पूरे किये जायें। उन्होंने गुरुवार 16 अक्टूबर को कार्य स्थल पहुँचकर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उन्होंने पीएचई, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी, पर्यटन विकास द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से चर्चा की।

## रेप पीड़िता पर एसिड अटैक

**भोपाल, एजेंसी।** पिपलानी इलाके में रेप पीड़िता पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार रात की है। पीड़िता सब्जी खरीदने ने निकली थी, तब स्कूटी सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। हालांकि हमले में युवती मामूली झुलसी है। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। एएसआई राजीव मिश्रा के मुताबिक भेल इलाके की 24 वर्षीय युवती ने कुछ समय पहले मिसरोद थाने में अपने लिव इन पार्टनर आकाश गांगल के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई और मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प आंसू गैस का गोला छीना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हो गई। दरअसल, महिला कांग्रेस ने शुक्रवार शाम को जिले के भानपुरा के शासकीय कॉलेज में छात्राओं के वीडियो बनाए जाने की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।**

महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और एबीवीपी का पुतला जलाने पहुंचे थे। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी बहस और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुतला जलाने से रोकने के लिए पुलिस ने अग्निशमन यंत्र का उपयोग किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने यंत्र छीन लिया और पास के मकान में फेंक दिया। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग



लगा दी। पुलिसकर्मियों ने जलते पुतले पर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने कहा कि भानपुरा कॉलेज में छात्राओं का वीडियो बनाना बेहद शर्मनाक है। इसी के विरोध में महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा सरकार की दलाल बन गई है। पुलिस का काम है रोकना और हमारा काम है विरोध करना। दोनों अपना काम कर रहे हैं।

## शिवराज बोले... जीतू सोयाबीन की बात कर रहे और गेहूं का बोरा लेकर आ गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रदर्शन पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में जवाब दिया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि जीतू सोयाबीन की बात कर रहे थे और गेहूं का बोरा लेकर आ गए। बता दें कि बुधवार को पटवारी ने भोपाल में प्रदर्शन किया था। वे और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक किसानों को साथ लेकर चौहान के बंगले पहुंच गए। जहां उन्होंने भावांतर के स्थान पर भाव (एमएसपी) देने पर चर्चा की थी। मामलों में पटवारी-नायक सहित 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

# मंत्री के काफिले की गाड़ी ने 7 को उड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के काफिले में चल रहे फॉलोअप वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक समेत 7 लोग घायल हो गए। एक बुजुर्ग के पैरों में गंभीर चोट आई है। ग्वालियर के अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई है। डॉक्टर का कहना है कि एक पैर काटना पड़ेगा। हादसा गुरुवार शाम लवकुश नगर थाना इलाके के बसंतपुर तिराहे के पास हुआ। गुधौरा गांव के रहने वाले साहब



सिंह (70) दिवाली के लिए सामान खरीदकर लवकुश नगर से अपने गांव लौट रहे थे। ई-रिक्शा में सात लोग सवार थे। इसी दौरान फॉलोअप वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे वह पलट गया।गंभीर रूप से घायल साहब सिंह को लवकुश नगर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पहले जिला अस्पताल फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। लवकुश नगर एसडीओपी नवीन दुबे ने कहा- जिस वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, उसकी तलाश कर रहे हैं। वहीं, सूत्रों के मुताबिक जिस गाड़ी ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, वह छटेकुआ निवासी पुष्पेंद्र सिंह की है। ने हादसे पर प्रतिक्रिया लेने के लिए मंत्री दिलीप अहिरवार को भी फोन लगाया। लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार बरहा गांव में दशहरा मिलन समारोह में शामिल होकर लवकुश नगर लौट रहे थे। छतरपुर जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. नीरज सोनी ने बताया कि वृद्ध की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है।

## संपादकीय


# चीनी हथियार में कई बेहतरीन विशेषताएं सामने आई

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अपने स्वदेशी अस्त्र मार्क-2 कार्यक्रम में चीनी पीएल-15 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल की एडवांस खूबियों को शामिल करने का निर्णय लिया है। डीआरडीओ ने यह फैसला मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक पाकिस्तानी जेट की तरफ से दागी गई एक अप्रयुक्त मिसाइल के विस्तृत तकनीकी विश्लेषण के बाद किया है। यह मिसाइल पंजाब से बरामद हुई थी। दरअसल, में यह मिसाइल पूरी तरह से सुरक्षित स्थिति में थी। इस तरह पाकिस्तान की मदद कर चीन अब अपने ही जाल में फंसता दिख रहा है। पीएल-15ई मिसाइल 9 मई को पंजाब के होशियारपुर के पास एक खेत में पूरी तरह से सुरक्षित बरामद की गई। ऐसे में यह भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के लिए एक दुर्लभ खुफिया अवसर था। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार मामले से अवगत लोगों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि चीन की एडवांस्ड दृश्य-सीमा से परे की 145 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली मिसाइल का एक्सपोर्ट संस्करण, सभी भारतीय हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विपरीत था। इस हथियार में सेल्फ डिस्ट्रक्शन सिस्टम की कमी के कारण बिना विस्फोट के पाया गया। डीआरडीओ ने रक्षा मंत्रालय को सौंपी अपनी विश्लेषण रिपोर्ट के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार ऊपर बताए गए एक सूत्र ने बताया कि जांच में चीनी हथियार में कई बेहतरीन विशेषताएं सामने आई हैं। इनमें एडवांस्ड प्रोपल्शन युक्त एक मिनी एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (AESA) रडार शामिल है जो मैक 5 से भी अधिक गति बनाए रखने में सक्षम है। साथ ही,इसमें अत्याधुनिक एंटी-जैमिंग क्षमताएं भी हैं। इन सभी एडवांस्ड, खासकर रडार तकनीक, को भारत के स्वदेशी अस्त्र मिसाइल विकास कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है।

# धनतेरस पर अगर न खरीद पाएं सोना-चांदी

## इन 5 चीजों की खरीदारी से भरेगा धन का भंडार

5 दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हर वर्ष धनतेरस के त्योहार से हो जाती है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का विशेष महत्व होता है। यह पर्व धन, सुख-समृद्धि, आरोग्यता और सपन्नता का प्रतीक होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस साल धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है, 18 अक्तूबर 2025 को है। धनतेरस पर घरों में दीपक जलाया जाता है साथ ही इस दिन विशेष रूप से मां लक्ष्म, भगवान कुबेर और भगवान धन्वंतरि की पूजा करने का विधान होता



है। धनतेरस पर सोना-चांदी, बर्तन, नए वस्त्रों की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर खरीदारी करने से माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की विशेष कृपा मिलती है, जिससे घर में धन-धान्य और सुख-सुविधाओं में इजाफा होता है। धनतेरस पर विशेष रूप से सोना-चांदी को खरीदने का विशेष महत्व होता है लेकिन अगर किसी कारण से सोना-चांदी की खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं तो कुछ ऐसी शुभ चीजें है जिसकी खरीदारी करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और धन-वैभव से घर को भर देती है। आइए जानते हैं कौन-कौन सी चीजें होती है शुभ।

### साबुत धनिया

जो लोग धनतेरस पर सोना-चांदी की खरीदारी नहीं कर पाएं वे इस दिन साबुत धनिया को जरूर खरीदें। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस पर साबुत धनिया खरीदने से माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर प्रसन्न होते हैं। इससे घर में सुख-सुविधा और धन-धान्य की कोई भी कमी नहीं होती है। धनतेरस पर खरीदी गई इस साबुत धनिया को दिवाली की रात मां लक्ष्मी को अर्पित करें। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन की कोई कमी नहीं रहती।

### हल्दी की गांठ

धनतेरस पर अगर जो लोग सोना-चांदी न खरीद सके तो इस दिन साबुत हल्दी की गांठ को खरीदना बहुत ही शुभ माना जाता है। हल्दी की गांठ को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा में प्रयोग करना बहुत ही शुभ होता है। धनतेरस के दिन हल्दी की गांठ को खरीदकर दिवाली के दिन मां लक्ष्मी की पूजन में उन्हे अर्पित करें। फिर इस हल्दी की गांठ को लाल या पीले रंग के कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें। इस उपाय आपके घर में मां लक्ष्मी का वास हमेशा के लिए बना रहेगा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी।

### शमी का पौधा

धनतेरस पर शमी के पौधे को घर पर लाना बहुत ही शुभ माना जाता है। इससे जहां सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है वहीं मां लक्ष्मी की विशेष कृपा भी मिलती है। इससे धन और धान्य में वृद्धि होती है।

### झाड़ू

धनतेरस पर झाड़ू की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। झाड़ू से घर में नकारात्मक ऊर्जा और दरिद्रता दूर होती है। ऐसे में धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से सुख-समृद्धि आती है और मां लक्ष्मी का वास घर पर बना रहता है।

### धनतेरस पर खरीदें गोमती चक्र

शास्त्रों के अनुसार, गोमती चक्र को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। ऐसे में धनतेरस के दिन गोमती चक्र की खरीदारी करना बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। जिन घरों में मां लक्ष्मी की पूजा में गोमती चक्र का प्रयोग किया जाता है, वहां पर मां लक्ष्मी का वास होता है। धनतेरस पर गोमती चक्र खरीदने से सुख-समृद्धि और धन-दौलत में वृद्धि होती है। धनतेरस पर गोमती चक्र को खरीदकर दिवाली के दिन माता लक्ष्मी की पूजा में उन्हें अर्पित करना चाहिए। फिर इसे तिजोरी या घर में जहां पैसे रखते हैं वहां पर रख देना चाहिए।

# छोटी दीवाली की शाम को करें ये 5 अचूक उपाय, घर पर होगा मां लक्ष्मी का वास

छोटी दिवाली का त्योहार हर साल कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस साल छोटी दिवाली 19 अक्टूबर, रविवार को है। छोटी दिवाली को नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है। छोटी दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा का विधान है। छोटी दिवाली का दिन धन देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन कुछ उपायों को करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर पर उनका स्थाई वास होता है। जानें छोटी दिवाली पर किन उपायों से प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी।

1. छोटी दिवाली पर धन रखने के स्थान या तिजोरी की साफ-सफाई जरूर करनी चाहिए। इसके साथ ही पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव करके शुद्ध करना चाहिए। कहा जाता है कि मां लक्ष्मी का वास



केवल शुद्ध व साफ स्थानों पर ही होता है।

2. छोटी दिवाली पर मां लक्ष्मी को घर बुलाने के लिए श्री यंत्र की स्थापना करके उसकी नियमित पूजा करनी चाहिए। श्री यंत्र को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि श्रीयंत्र की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि व खुशहाली आती है।

3. हिंदू धर्म में शंख को अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इसे घर में बजाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कहा जाता है कि छोटी दिवाली पर दक्षिणावर्ती शंख बजाने से घर पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है और इस शंख को पूजा स्थल पर रखना चाहिए।

4. दिवाली पर दीयों को जलाना अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा में घी के दीयों को जलाएं और उसे मुख्य द्वार पर रखें। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा से सुख-समृद्धि आती है।

5. तुलसी को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। छोटी दिवाली के दिन सुबह-शाम तुलसी पर दीपक जलाना चाहिए और पूजा करनी चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। ■

Punjab

# लुधियाना से दिल्ली जा रही गरीबरथ ट्रेन में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए कूदकर भागे यात्री

**फतेहगढ़ साहिब (पंजाब), (एजेंसी)** लुधियाना से दिल्ली जा रही गरीबरथ ट्रेन की एक बोगी में अचानक आग लग गई। हादसा बोगी नंबर 19 में हुआ, जिसमें कई यात्री सवार थे। आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई और जान बचाने के लिए लोग बाहर कूदने लगे। इस दौरान कई यात्री चोटिल हो गए। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया और ट्रेन रवाना कर दी गई है। ट्रेन ने सुबह 7 बजे सरहिंद स्टेशन पार किया। इसी दौरान एक यात्री को ट्रेन की एसी बोगी नंबर 19



से धुआं उठता दिखा। उसने तुरंत शोर मचाते हुए चेन खींच दी। धुएं के साथ आग की लपटें भी उठने लगीं तो अफरातफरी मच गई। इसी दौरान कई यात्री बोगी से उतरने लगे। इसमें कुछ यात्री चोटिल भी हो गए। टीटीई और ट्रेन के पायलट मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आज सुबह साढ़े 7 बजे पंजाब के सरहिंद स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12204 अमृतसर-सहरसा के एक डिब्बे में आग लग गई। घटना का पता चलते ही रेलवे अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्रियों को दूसरे डिब्बों में भेज दिया और आग भी जल्दी बुझा दी गई। कोई हताहत नहीं हुआ। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

Rajasthan

# एक किलो की कीमत 1.11 लाख रुपए



**जयपुर, (एजेंसी)** इस दिवाली पर राजस्थान के जयपुर में बनी एक नई मिठाई सुर्खियों में है। इसे देश की सबसे शानदार और महंगी मिठाई बताया जा रहा है। जयपुर के स्वर्ण प्रसादम की कीमत 1.11 लाख रुपए प्रति किलो बताई जा रही है। इस मिठाई का शाब्दिक अर्थ है 'सोने से बना एक भक्तिपूर्ण प्रसाद'। यह 24 कैरेट शुद्ध सोने से तैयार की जाती है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, इस मिठाई को न केवल प्रीमियम, बल्कि एक स्वास्थ्यवर्धक त्योहारी प्रसाद के रूप में भी बेचा जाता है। यह विशिष्ट मिठाई प्लास्टिक के कपों में परोसी जा रही है, जिन पर शुद्ध सोना चढ़ा हुआ है और ऊपर से चांदी की पन्नी। इसमें केसर के बारीक रेशे, कटे हुए बादाम, पाइन नट्स और अन्य सूखे मेवे डाले गए हैं। पिछली दिवाली पर भी जयपुर ने एक खास मिठाई पेश की थी। सोने और चांदी की राख से तैयार 'स्वर्ण भस्म पाक' नाम की इस मिठाई को भारत का सबसे महंगा और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता था। इस मिठाई की कीमत 70000 रुपए प्रति किलो थी। यह मिठाई सोने और चांदी को जलाने से मिली राख से बनाई गई थी। स्वर्ण प्रसादम की तरह इस मिठाई पर भी सोने की पत्री, इंपोर्टेड बादाम, केसर के रेशे, पाइन नट्स और अन्य सूखे मेवों की महंगी सजावट की गई थी।

Karnataka

# कॉलेज में छात्रा से रेप, बाद में पूछा- पिल्स की जरूरत है क्या

**बेंगलुरू, (एजेंसी)** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने रेप के आरोप में कॉलेज के ही 21 साल के इंजीनियरिंग स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छठे सेमेस्टर के छात्र जीवन गौड़ा के रूप में हुई है। पीड़ित छात्रा भी उसी कॉलेज में सातवें सेमेस्टर की स्टूडेंट है। घटना 10 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे से 1:50 बजे के बीच हुई थी। उसने 5 दिन बाद, 15 अक्टूबर को FIR दर्ज कराई थी। पीड़ित ने FIR में बताया कि आरोपी ने कॉलेज के सातवीं मंजिल पर उसे मिलने बुलाया था। जब वह पहुंची, तो आरोपी ने जबरदस्ती चूमने की कोशिश की। छात्रा वहां से चली गई। आरोपी उसका पीछा करते हुए छठी मंजिल तक पहुंच गया। उसे पुरुषों के टॉयलेट में घसीटकर ले जाकर रेप किया। आरोपी ने बाद में छात्रा को फोन किया और पूछा- क्या तुम्हें पिल्स (गर्भनिरोधक दवा) की जरूरत है?

Uttarpradesh

# फर्जी आईएएस ने 150 लोगों को लगा दिया चूना

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे आरोपी को पकड़ा है जो फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा था। इस आरोपी का नाम डॉक्टर विवेक मिश्रा है जिसे कामता बस स्टेशन से लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला है कि अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों से 80 करोड़ रुपए के करीब ठग चुका है। पिछले 6 साल से सीआईडी इसकी खोज में लगी थी, अब जाकर कामयाबी मिली है। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के वकील आशुतोष मिश्रा ने साल 2019 में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। आशुतोष



मिश्रा ने जानकारी दी थी कि जून 2018 में कुछ रिश्तेदारों के जरिए विवेक से उनकी मुलाकात हुई थी। उसने खुद को 2014 बैच का आईएएस अधिकारी बताया था और यहां तक दावा किया था कि वह गुजरात सरकार में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत है। विश्वास जीतने के लिए उसने अपनी बहनों का भी जिक्र किया था और बताया था कि गुजरात में उसकी बहनें आईपीएस अधिकारी हैं। लेकिन अब जब लखनऊ पुलिस ने इस मामले की जांच की और आरोपी को गिरफ्तार किया तो पता चला कि सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर उसने अपनी कई फर्जी प्रोफाइल बनाई थीं।

## खेल

# द. अफ्रीका ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया, दूसरे स्थान पर पहुंची, वोलवार्ट-ब्रिट्ज के अर्धशतक

**कोलंबो, (एजेंसी)** कप्तान लौरा वोलवार्ट और तजमिन ब्रिट्ज के अर्धशतकों से दक्षिण अफ्रीका ने वर्षा से बाधित महिला विश्व कप के मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलंबो में खेला गया यह मैच बारिश के चलते करीब पांच घंटे से अधिक समय तक रुका रहा। मैच 20-20 ओवर का कराने का निर्णय लिया गया और श्रीलंका ने 20 ओवर में सात विकेट पर 105 रन बनाए। डकवर्थ लुइस के तहत दक्षिण अफ्रीका को 121 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 14.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 125 रन बनाकर हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की और लौरा तथा ब्रिट्ज ने दबदबा बनाए रखा। इन दोनों बल्लेबाजों ने श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण को लगातार दबाव में रखा और



पहले विकेट के लिए 125 रनों की शतकीय अविजित साझेदारी कर टीम को मैच जिताया। वोलवार्ट 47 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद 60 और ब्रिट्ज 42 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाकर नाबाद रहीं। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, सह-मेजबान श्रीलंका की टीम अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। पांच मैचों में उसे तीन हार का सामना करना पड़ा है, जबकि उसके दो मैच बारिश में धुल गए थे। श्रीलंका की टीम दो अंकों के साथ तालिका में सातवें नंबर पर है।

इससे पहले, भारी बारिश के कारण मैच 20-20 ओवर का कर दिया गया था। श्रीलंकाई पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश से खेल रुक गया था तब सह-मेजबान टीम श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 46 रन था। खेल पांच घंटे से भी ज्यादा समय बाद शुरू हुआ। गुणरत्ने 12 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गई थीं लेकिन उन्होंने मैदान पर वापसी की और श्रीलंका के लिए शीर्ष स्कोरर रहीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 10 ओवर में महज 37 रन पर दो विकेट गंवा दिए। मौजूदा टूर्नामेंट में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में कई दफा बारिश के कारण बाधा हुई है और शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ। खेल पांच घंटे से ज्यादा समय तक रुका रहा। जब बारिश रुक गई तो अंपायरों ने मैदान में गड्ढों और कीचड़ की जांच करने के बाद खेल को फिर से शुरू करने का फैसला किया।

बारिश के बाद श्रीलंका ने अपनी रणनीति बदली और कविशा दिलहारी ने मलाबा की पहली ही गेंद पर बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छक्का जड़ दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने वापसी करते हुए दो गेंदों में दो विकेट चटका दिए। गुणरत्ने घुटने के अंदरूनी हिस्से में गेंद लगने के कारण चोटिल हो गईं जिससे उन्हें स्ट्रेचर पर स्टेडियम से बाहर ले जाया गया।

## सिनेमा

# 2 साल से टीवी से दूर पवित्रा पुनिया



जन्म का नाम- नेहा सिंह, कर्म का नाम- पवित्रा पुनिया. टीवी की वो एक्ट्रेस, जिसने जिंदगी में स्ट्रगल नहीं किया. हाइट और लुक्स के चलते खुद ही इन्हें मॉडलिंग और कमर्शियल एड्स के ऑफर्स आने लगे. पवित्रा ने अपना पहला शो बतौर लीड एक्ट्रेस सिद्धार्थ शुक्ला के साथ किया. सिर्फ इतना ही नहीं, रियलिटी शो से करियर की शुरुआत की थी. आजकल 'रियलिटी रानीज ऑफ द जंगल' के सीजन 2 में नजर आ रही हैं.परिवार ने भले ही ग्लैमरस इंडस्ट्री में जाने की इजाजत नहीं दी, लेकिन अपनी राह इन्होंने खुद बनाई. आज पवित्रा अपनी हाजिरजवाबी के लिए जानी जाती हैं. काम के लिए जानी जाती हैं. और ऐसा जज्बा रखती हैं कि कोई भी इनकी पर्सनैलिटी देखकर इम्प्रेस हो जाए. बतौर बच्चे हमें नहीं पता होता कि हमारे पेरेंट्स हमें क्या नाम देंगे. जब मुझे समझ आया जिंदगी के बारे में तो लगा कि मुझे कुछ मैच्योर होने की जरूरत है. मुझे काफी सारे ऑफर्स आने लगे थे. मॉडलिंग, ऐड्स वगैराह के. जब मेरा नाम अनाउंस होता था तो शुरू होने से पहले ही खत्म सा हो जाता था, ये मैंने अहसास किया था. मेरे मुताबिक, पर्सनैलिटी मायने रखती है. लुक्स मायने नहीं रखते. ऐसे में मुझे लगा कि मेरा नाम हल्का नहीं होना चाहिए. मैंने इस नाम के बारे में सोचा कि पवित्रा पुनिया रखते हैं. जो है वो है, पवित्रा हूं मैं. आईपीएस ऑफिसर से रियलिटी रानी तक का सफर मेरा रहा है. मैंने ज्यादातर रियलिटी शोज किए हैं. करियर की शुरुआत भी मेरी रियलिटी शो से ही हुई थी।

## Highlights

1. Bomb threat at VP's Chennai residence, turns out to be hoax
2. 26 ministers take oath in new Gujarat Cabinet, Sanghavi made Dy CM
3. Experts warn AI could trigger global stock market crash
4. Who is IPS officer Harcharan Bhullar, arrested for taking ₹8 lakh bribe?
5. How to identify genuine 'green' crackers for Diwali in Delhi-NCR?
6. Video shows over 200 Naxals surrendering in Chhattisgarh

# India gold reserves top $100 billion on surging bullion prices, forex down



**NEW DEIHI, (Agency).** India's gold reserves crossed the $100 billion mark for the first time, according to the Reserve Bank of India's latest forex reserves data, buoyed by a global gold price rally.

RBI's gold reserves rose by $3.595 billion to $102.365 billion in the week to 10 October 2025, while overall forex reserves fell $2.18 billion to $697.784 billion. The share of gold in RBI's total reserves climbed to 14.7%—the highest since 1996-97, according to traders.

Gold's share in India's forex reserves has almost doubled over the past decade—from below 7% to nearly 15%—reflecting both steady RBI accumulation and a surge in global bullion prices. That's led to the $100 billion milestone being hit despite a marked slowdown in the RBI's gold purchases this year.

The central bank bought gold in only four of the first nine months of 2025, compared with near-monthly additions in 2024, according to World Gold Council data. Cumulative buying from January to September stood at just 4 tons, sharply lower than 50 tons in the same period a year earlier. The share of gold in India's forex reserves has increased significantly, largely driven by valuation gains from the rising gold price, Kavita Chacko, research head for India at the World Gold Council, told Rueters. The gold price has surged about 65% in 2025, powered by a potent mix of macro, institutional and psychological drivers. Central banks, globally, have continued to accumulate gold as part of diversification away from US dollar— a trend spurred by heightened geopolitical risks, sanctions pressures and de-dollarisation.

India is the world's second-largest consumer of gold and relies on imports to meet demand. Buying gold is deeply rooted in Indian culture, driven by tradition and its role as both an investment and a status symbol.

## Infosys, Wipro share price show lingering pain for India's $280-billion IT industry

**NEW DEIHI, (Agency).** How the stocks of Infosys Ltd. and Wipro Ltd. have moved today, a day after their quarterly results, is emblematic of a wider problem afflicting India's $283-billion IT services industry.

The Nifty IT index, a gauge of India's 10 largest IT firms is down 1.9% since bellwether Tata Consultancy Services Ltd. reported earnings that failed to match up to expectations. In contrast, over the same time, the broader NSE Nifty 50 has gained 2%. The quarterly results of TCS peers Infosys and Wipro were largely on point but offered little indication of a demand rebound in the second half of the fiscal.



That's a concern for investors in India's $283-billion IT services industry that has been battling tepid client spending in the US for nearly two years now. On top of that, changes in H-1B visa rules as well as likelihood of a "outsourcing" tax is set to disrupt their business model in their biggest market. The fresh concerns on lending standards of US regional banks is yet another worry, since Indian IT companies get at least a third of their revenue from the banking and financial services industry.

# शराब ठेकेदार सूरज रजक और उसके दो सुरक्षा गार्ड के खिलाफ फायरिंग और मारपीट का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में शराब ठेकेदार सूरज रजक और उनके दो सुरक्षा गार्ड के खिलाफ फायरिंग और मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि मामूली विवाद के बाद सूरज रजक ने दो युवकों से पहले गाली-गलौज की, फिर मारपीट कर फायर कर दिया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है।

कनाडिया पुलिस के मुताबिक, शिकायत अर्पित सिंह गुर्जर और उसके दोस्त ने की। दोनों रात करीब 12:45 बजे बाइक से बिचोली मर्दाना अंडरब्रिज के पास से गुजर रहे थे। तभी एक काली कार उनकी बाइक के सामने अचानक आकर रुकी। आरोप है कि कार में बैठे सूरज रजक ने पहले अपशब्द कहे और फिर गाड़ी से उतरकर विवाद शुरू कर दिया। कुछ देर बाद एक काली रंग की रेंज रोवर कार और आई, जिसमें से दो अन्य लोग उतरे। इनमें से एक ने कार से डंडा निकाला और अर्पित व उसके दोस्त के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद सूरज ने अपने साथी को पिस्टल लाने को कहा। डर के मारे दोनों युवक भागने लगे, तभी पीछे से एक



फायर कर दिया गया। युवकों ने पुलिस को बताया कि जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि आगे से उलझे तो अंजाम ठीक नहीं होगा। दूसरी ओर, सूरज रजक ने बताया कि वह एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी 10–12 युवकों ने उनकी कार के आगे बाइक लगाकर विवाद किया। उन्होंने बताया कि उनके सुरक्षाकर्मी बीच में आए, तब युवक मौके से भाग गए। सूरज का दावा है कि उन्होंने खुद स्थानीय थाने में सूचना दी थी। बता दें कि सूरज रजक का नाम पहले भी सिडीकेट गैंगवार जैसे गंभीर मामलों में सामने आ चुका है। वह शहर के प्रभावशाली शराब ठेकेदारों में से एक हैं और विधायक रमेश मेंदोला के करीबी माने जाते हैं। सूरज की हीरानगर और विजय नगर क्षेत्रों में शराब की दुकानें हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश डंडोतिया ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि विवाद के दौरान सूरज और उनके साथियों ने ही दोनों युवकों के साथ मारपीट की। फिलहाल, सूरज रजक फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कनाडिया थाना पुलिस ने अर्पित सिंह की शिकायत पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और फायरिंग की धाराओं में सूरज रजक और उनके दो साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल की जांच की जा रही है।

# पिता को भ्रष्टाचार से रोकने के बजाए बेटे और बेटी ने भी काली कमाई से अपना साम्राज्य खड़ा किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निलंबन के बाद सेवानिवृत्त हुए आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र भदौरिया के यहां लोकायुक्त की छापेमारी की जांच दूसरे दिन भी जारी रही। अफसरों ने छापे में मिले दस्तावेजों से अवैध कमाई में साथ देने वालों के लिंक तलाशे। अपने पिता को भ्रष्टाचार से रोकने के बजाए बेटे और बेटी ने भी काली कमाई से अपना साम्राज्य खड़ा किया।बेटी एक कंपनी में साझेदार थी और करोड़ों रुपये की काली कमाई उसमें निवेश की। एक टाउनशिप में बन रहे बंगले का काम बेटी की कंपनी ही देख रही है।**

इसके अलावा बेटा सूर्यांश भी काली कमाई फिल्म निर्माण और अपने कारोबार को फैलाने में लगाता था। बेटे ने एक साझेदार के साथ इंदौर में करोड़ों रुपये निवेश कर एक जिम भी खोला था।लोकायुक्त पुलिस ने भदौरिया और उसके परिवार के बैंक खातों की जानकारी जुटाई। उनके और परिवार के खातों में कुल एक करोड़ 26 लाख रुपये जमा हैं। 20 से ज्यादा बीमा और अन्य पॉलिसियां भी जांच में मिलीं। पत्नी के नाम बैंक ऑफ बड़ौदा में एक लॉकर पाया गया है। कुल चार लॉकर विभिन्न बैंकों में भदौरिया और उसके परिवार के नाम पर हैं। अफसरों ने उन लॉकरों को फ्रीज कराया है और उन्हें भदौरिया तथा उसके परिवार की मौजूदगी में खोला जाएगा। पुत्र सूर्यांश भदौरिया की एक रेस्टोरेंट में भी साझेदारी मिली है, जिसमें सूर्यांश ने निवेश किया है।अब तक भदौरिया के पास कुल 20 करोड़ रुपये की संपत्ति मिली है, जबकि उसके सेवाकाल में उसकी कुल तनख्वाह लगभग दो करोड़ रुपये थी। इतनी काली कमाई सामने आने के बाद ईडी भी अपनी जांच शुरू कर सकता है।



**लॉकर दिवाली बाद खुलेंगे**

रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के यहां पड़े लोकायुक्त छापे में काली कमाई की राशि 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो गई है। वहीं लोकायुक्त पुलिस अब दिवाली बाद भदौरिया के लॉकर खोलेगी। अभी लोकायुक्त में भदौरिया के सभी लॉकर और बैंक खाते फ्रिज करा दिए हैं। वहीं एक लॉकर इटावा में भी होने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त ने खातों को और लॉकर को फ्रीज कराया है जो लॉकर आरोपी की उपस्थिति में खोले जाएंगे। वहीं सूर्यांश भदौरिया द्वारा विशाल पंवार के शिवा चाइनीज वॉक में भी पार्टनरशिप मिली है।

# नंदलालपुरा के हर किन्नर का होगा मेडिकल टेस्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नंदलालपुरा में रहने वाले सभी किन्नरों का अब मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। वह भी तब जब विवाद के बाद 24 किन्नरों ने एक साथ फिनाइल पी लिया। हालांकि, चार महीने पहले किन्नरों के विवादों के चलते गठित की गई SIT ने रिपोर्ट सौंपना तो दूर आज तक किसी के बयान तक नहीं लिए। यदि उस समय कोई निर्णय लिया जाता तो विवाद इतना न बढ़ता।**

24 किन्नरों के फिनाइल पीने के बाद अचानक शहर के बीजेपी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस कमिश्नर से मिलने पलासिया स्थित उनके ऑफिस पहुंचा। यहां उन्होंने नंदलालपुरा के डेरे में रहने वाले सभी किन्नरों के मेडिकल टेस्ट करवाने की बात रखी। यहां रह रहे किन्नरों के डॉक्यूमेंट चेक करने के साथ ही डेरे में सीमा और पायल गुरु के मालेगांव कनेक्शन और मनी लॉन्ड्रिंग की भी जांच कराने की बात कही। बीजेपी नेताओं ने पुलिस की SIT पर सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने पूर्व में जांच सही से नहीं करने की बात कही। पुलिस कमिश्नर ने सभी पर सहमति दी है। किन्नर सपना गुरु, किन्नर पायल और अन्य किन्नरों के बीच विवाद पुराना था। 30 मई 2025 को सपना के कमरे का ताला तोड़कर पायल और उसके साथी किन्नरों ने सामान चुराया था। इसकी शिकायत पंढरीनाथ थाने में दर्ज की गई, लेकिन टीआई अजय नायर ने इस मामले में बयान नहीं लिए और 20 दिन में ही पूरे प्रकरण के खात्मे को लेकर उसका प्रतिवेदन बना दिया।

# महिला के ट्रॉली बैग से जेवर और नकदी गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तिलक नगर क्षेत्र में एक महिला के ट्रॉली बैग से जेवर और नकदी गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पहले घर पर तलाश की और परिजनों से पूछताछ की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उसने अपने ही चाचा के बेटों पर चोरी का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

तिलक नगर पुलिस के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अभिलाषा झानिया निवासी ग्राम महिगांव उदयनगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ दिन पहले वह अपने चाचा की बेटी अंबिका के घर दीपक नगर आई थीं। उस समय वहां अंबिका के भाई चंदन और कुंदन भी मौजूद थे। अभिलाषा ने बताया कि रात में उन्होंने अपना ट्रॉली बैग कमरे में रखकर सो गई थीं। अगले दिन दोपहर में जब उन्होंने बैग खोला तो उसमें रखे जेवर और नकदी गायब थे। उन्होंने तुरंत अंबिका और दोनों चचेरे भाइयों से पूछताछ की, लेकिन तीनों ने किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद पूरे घर की तलाशी ली गई, पर जेवर नहीं मिले। अभिलाषा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और शंका के आधार पर अपने दोनों चचेरे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# टायर दुकान में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। ट्रांसपोर्ट नगर में एक टायर की दुकान में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए देर रात आसपास की दुकानों को खाली कराया गया और दुकानदारों को मौके पर बुलाया गया। एसआई संतोष दुबे के मुताबिक, रात करीब 1 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पेट्रोल पंप के पीछे आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां रवाना की गईं। मौके पर कुल तीन दमकलें पहुंचीं। शुरूआती दो घंटे में आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था और फिर सुबह 4 बजे तक पूरी तरह से आग बुझा दी गई।

# मंडी प्रांगण से हटवाया अतिक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंडी इन्दौर के देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण के गेट नम्बर 2 के पास आवागमन के मुख्य मार्ग एवं मंडी के शेडों पर खाली कैरेट रखकर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। उक्त अतिक्रमण को मंडी सचिव रामवीर किरार के निर्देशन में प्रभारी फल एवं सब्जी मंडी राजू कुवाल, स.उ.नि. राजेश बुंदेला, संजय यादव, अंतर सिंह सिसोदिया, मुरारी सोलंकी के साथ ही तत्समय उपस्थित सुरक्षाकर्मी के द्वारा तत्काल अतिक्रमण हटवाया गया। शेडो एवं अन्य स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर उक्त स्थल को खाली कराया गया है।

# बुलेट को कार ने मारी टक्कर निजी कंपनी कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में एक निजी कंपनी के कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि इस हादसे में उसके दोस्त को मामूली चोट आई है। परिवार के लोगो ने घटना को लेकर संदेह जताया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना डी मार्ट के पास की है। यहां पर अक्षय(32) पुत्र कैलाश टमटा निवासी ओल्ड पलासिया की बुलेट को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए दोस्त देर रात एमवाय लेकर आया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अक्षय का दोस्त रजत उसे अस्पताल में छोड़कर चला गया। परिवार के मुताबिक अक्षय अपने दोस्त रजत के साथ डी मार्ट गया था। रजत ने परिवार को मोबाइल पर जानकारी दी कि वह पेशाब करने गया था। तब अक्षय बुलेट के पास खड़ा था। इस दौरान एक लाल रंग की कार ने उसे टक्कर मारी। रजत ने खुद के भी हाथ पैर में चोट आने की बात कही।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक